(b) if so, what are the details thereof and what benefits are expected to accrue out of such a joint venture;

(c) whether similar possibilities of co-operation with C.I.S. countries have been explored; and

(d) if so, the details thereof and the steps initiated in that direction?

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI SHARAD PAWAR): (a) There is no concrete offer at present for joint ventures with Russia or other C.I.S. countries for armament, equipment and aircraft manufacture.

(b) to (d) Do not arise.

सेना के कार्मिकों का प्रशिक्षण

4020. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय सेना के कार्मिकों/जवानों को किन-किन भाषाओं में प्रशिक्षण दिया जाता है ;

(ख) क्या इस प्रयोजनार्थ कोई पुस्तिकाएं/क्विरणिकायें भी प्रयोग में लायी जाती हैं ; और

(ग) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ?

रक्षा मंत्री (श्री शरद पवार) : (क) सेना में सैनिकों को प्रशिक्षण हिन्दी में दिया जाता है । इसके अलावा सभी सैनिकों को हिन्दी एक अनिवार्य विषय के रूप में पढाई जाती है । कुछ चुनी हुई शैक्षिक परीक्षाओं के लिए अंग्रेजी पाठ्यक्रम के एक भाग के रूप में है ।

आवश्यकता के अनुसार कुछ चुने हुए सैनिकों को निर्धारित संस्थाओं में चीनी भाषा (मंडारिन), इजोंगखा (भूटानी, भाषा) तिब्बती, जापानी, अरबी, रूसी, बर्मी भाषा-इंडोनेशियाई, फ्रेंच, फारसी, जर्मन, पश्तो, स्पेनिश और सिंघल भाषाई पढ़ाई जाती है ।

(ख) जी, हां ।

(ग) प्रशिक्षण के लिए पम्फलेट और प्रेसियां दोनों भाषाओं में दी जाती है ; इस समय चीनी, इजोंगखा, (भूटानी) और तिब्बती भाषा को पढ़ाने के लिए जिन पुस्तकों का इस्तेमाल किया जा रहा है वे क्रमशः यले यूनिवर्सिटी (यू०एस०ए०) बीजिंग विश्व-विद्यालय भूटान सरकार और तिब्बती शिक्षा परिषद धर्मशाला द्वारा प्रकाशित की गई हैं । अन्य विदेशी भाषाएं पढ़ाने के लिए इस्तेमाल की जा रही पुस्तकें जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय दिल्ली और बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित की गई हैं ।

बिहार में तिलैया स्थित सैनिक स्कूल

4021. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में सैनिक स्कूलों की संख्या कितनी है और इन स्कूलों में प्रति वर्ष कुल कितने नए छात्र दाखिल किए जाते हैं ;

(ख) बिहार में तिलैया स्थित सैनिक स्कूल की कुल छात्र संख्या कितनी है और वहां दाखिला संबंधी नियमों का ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या वहां किसी स्थायी भवन का निर्माण किया गया है और यदि हां, तो उस पर कितना व्यय हुआ है ; और

(घ) गत तीन वर्षों के दौरान उक्त स्कूल का बजट कितना रहा और क्या अगले वर्ष के दौरान बजट में वृद्धि किए जाने का कोई प्रस्ताव है ?

रक्षा मंत्री (श्री शरद पवार) : (क) सैनिक स्कूल सोसायटी देश में 18 सैनिक स्कूल चलाती है । इन स्कूलों में भर्ती किए जाने वाले नए विद्यार्थियों की संख्या हर साल निम्नलिखित बातों के आधार पर निर्धारित की जाती है :—

(1) प्रशिक्षण देने के लिए प्रत्येक अनुभाग में छात्रों की अधिकतम संख्या ।

(2) शैक्षणिक वर्ष के अंत में छटनी किए जाने वाले या स्कूल छोडने वाले संभावित छात्रों की संख्या ।

(3) उपलब्ध छात्रवृत्तियों की संख्या ।